Total number of printed pages–4

**1 (Sem–3/Ar) HIN**

# 2025

## HINDI

Paper : HIN0300104

***( भाषाविज्ञान, हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि )***

***(Bhāshā Vijnān, Hindī Bhāshā evang Devnagari Lipi)***

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'भाषा' शब्द का व्युत्पत्तिपरक अर्थ क्या है?

(ख) भाषा के मनोवैज्ञानिक पक्ष का अध्ययन भाषाविज्ञान की जिस गौण शाखा के अन्तर्गत किया जाता है, उसे क्या कहा जाता है?

M.L.C. LIBRARY
G.L. CHOUDHURY COLLEGE
5-12-2025



(ग) ओष्ठों की स्थिति की दृष्टि से 'ऊ' किस प्रकार की स्वर-ध्वनि है?

(घ) "चरवाहे ने बकरे को प्यार से बुलाया।"—इस वाक्य में प्रयुक्त संबंधतत्वों को अलग करके लिखिए।

(ङ) "कप हाथ से गिरा और टूट गया।"—संरचना की दृष्टि से यह किस प्रकार का वाक्य है?

(च) अपने अच्छे-से घर को 'गरीबखाना' कहा जाना अर्थ-परिवर्तन के किस कारण का सूचक है?

(छ) एक बोली के रूप में खड़ीबोली का उद्‌भव किस अपभ्रंश से हुआ है?

(ज) देवनागरी लिपि की उत्पत्ति मूलतः किस लिपि से हुई है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं छः* के अत्यन्त संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) भाषा की एक परिभाषा दीजिए।

(ख) भाषाविज्ञान और व्याकरण में विद्यमान *किन्हीं दो* साम्यों का उल्लेख कीजिए।

(ग) भू-भाषाविज्ञान के अन्तर्गत किन बातों का अध्ययन किया जाता है?

(घ) व्यंजन-ध्वनि को परिभाषित कीजिए।



(ङ) उदाहरण-सहित 'दंत्य' व्यंजन-ध्वनि का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(च) सोदाहरण बताइए कि—अर्थतत्व किसे कहते हैं?

(छ) "वाक्य में एक शब्द भी हो सकता है और एक से अधिक भी।"—एस कथन को स्पष्ट कीजिए।

(ज) अर्थ-परिवर्तन के कारण के सन्दर्भ में 'जानबूझकर नए अर्थ में प्रयोग' को सोदाहरण व्याख्यायित कीजिए।

(झ) बिहारी हिन्दी की बोलियों का उल्लेख कीजिए।

(ञ) देवनागरी लिपि के नामकरण के सन्दर्भ में कुछ लोग काशी नगरी का उल्लेख किसलिए करते हैं?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं चार* के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) साहित्य के साथ भाषाविज्ञान का संबंध निरूपित कीजिए।

(ख) किन स्थितियों में बोली को भाषा की आख्या मिल जाती है?

(ग) ध्वनि-परिवर्तन के एक अन्यतम प्रमुख कारण 'प्रयत्न-लाघव' का स्वरूप सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) क्रिया-मूल या धातु के साथ संबंधतत्व जोड़कर किस प्रकार काल का द्योतन किया जाता है—उदाहरण सहित बताइए।



(ङ) उपवाक्य संबंधी चर्चा के साथ मिश्रवाक्य की संरचना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(च) शब्द और अर्थ के संबंध का विवेचन कीजिए।

(छ) हिन्दी की एक बोली के रूप में ब्रज का सामान्य परिचय दीजिए।

(ज) देवनागरी लिपि के सुधार के लिए किए गये *किन्हीं दो* प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं दो* के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) भाषा की *किन्हीं चार* प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रयत्न के आधार पर व्यंजन-ध्वनियों के वर्गीकरण पर सोदाहरण चर्चा कीजिए।

(ग) अर्थ-परिवर्तन की दिशाओं को उदाहरण-सहित स्पष्ट कीजिए।

(घ) ध्वनि, व्याकरण और शब्द-भंडार की दृष्टि से आधुनिक कालीन हिन्दी (1880 ई. से अब तक) की विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

(ङ) देवनागरी लिपि की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।